आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 06.02.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विद्यार्थियों से कहा– परीक्षा की अपनी तैयारी के तरीक़े पर पूरा भरोसा रखें।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा – कोई भी राष्ट्र तब तक सुरक्षित नहीं माना जा सकता, जब तक उसकी सांस्कृतिक नींव और उसके मूल्य सुरक्षित न हों।
- आवास और शहरी विकास विभाग में विभिन्न सुधारों के लिए केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 264 करोड़ की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की।
- रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी सचिव आर. राजेश कुमार ने जिला मुख्यालय में निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

---

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने लोकप्रिय संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में विद्यार्थियों से बातचीत की। आज जारी एक वीडियो में प्रधानमंत्री ने परीक्षा के दौरान तनाव और चिंता से निपटने के तरीकों पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने छात्रों को अपने स्वयं के अनूठे शिक्षण तरीकों पर भरोसा रखने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की अपनी एक अलग शैली होती है और उन्हें अपनी तैयारी के तरीके पर पूरा विश्वास रखना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने शिक्षकों को प्रत्येक विद्यार्थी की सीखने की गति के प्रति संवेदनशील रहने की सलाह दी। श्री मोदी ने कहा कि अंतिम लक्ष्य केवल अंक नहीं, बल्कि जीवन का सम्पूर्ण विकास होना चाहिए।

---

**राज्यपाल/मुख्यमंत्री**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने देहरादून के एक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि परीक्षा को बोझ न समझें, बल्कि इसे अपने ज्ञान और क्षमताओं को परखने का अवसर मानें। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी देहरादून के एक स्कूल में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से लक्ष्य तय कर प्राथमिकताओं के साथ आगे बढ़ने और परीक्षा के दबाव से मुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ सफलता प्राप्त करने का आह्वान किया।

---

**रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि कोई भी राष्ट्र तब तक सुरक्षित नहीं माना जा सकता, जब तक उसकी सांस्कृतिक नींव, उसके मूल्य और उसकी पहचान सुरक्षित न हों। हरिद्वार में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा और मूर्ति स्थापना समारोह में संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा का अर्थ केवल भौगोलिक सीमाओं की रक्षा नहीं है, बल्कि उसकी सांस्कृतिक अस्मिता और सभ्यतागत चेतना की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अनेक गणमान्य लोगों ने स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज के समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

---

**प्रोत्साहन राशि मंजूरी**

शहरी विकास और आवास विभाग के स्तर से लागू किए गए विभिन्न सुधारों के लिए केंद्र सरकार ने उत्तराखंड को 264 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत की है। केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्रालय ने राज्यों को शहरी विकास और आवास विभाग से संबंधित विभिन्न नीतिगत सुधारों को लागू करने को कहा था। इन सुधारों को लागू करने के क्रम में मंत्रालय ने उत्तराखंड को पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता 2025–26 के तहत यह प्रोत्साहन राशि मंजूर की है। मंत्रालय ने सबसे अधिक राशि आवास विभाग के अधीन लागू किए गए सुधारों के लिए स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार, केंद्र सरकार के सभी दिशा–निर्देशों को पूरी निष्ठा के साथ अमल में लाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि आवास और शहरी विकास विभाग में किए गए सुधार पर यह प्रोत्साहन राशि स्वीकृत हुई है। इससे पहले खनन क्षेत्र में किए गए सुधारों के लिए भी केंद्र सरकार से 200 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि मिल चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड गुड गर्वनेंस का एक आदर्श मॉडल बनकर सामने आया है।

---

**प्रभारी सचिव निरीक्षण**

रुद्रप्रयाग जिले के प्रभारी सचिव आर. राजेश कुमार ने आज जिला मुख्यालय के मुख्य बाजार के समीप निर्माणाधीन मल्टी लेवल पार्किंग का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने कार्य की भौतिक प्रगति, गुणवत्ता और निर्धारित मानकों के अनुरूप हो रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। प्रभारी सचिव आर. राजेश कुमार ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग के निर्माण से न केवल स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी, बल्कि केदारनाथ धाम सहित चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुगम यातायात सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि पार्किंग निर्माण कार्य पूरा होने के बाद मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा। गौरतलब है कि चारधाम

यात्रा का प्रमुख पड़ाव होने के कारण रुद्रप्रयाग मुख्यालय में हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री पहुंचते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था न होने से मुख्य बाजार क्षेत्र में अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस समस्या के समाधान के लिए मुख्य बाजार के निकट मल्टी लेवल पार्किंग बनाई जा रही है।

---

**जन–जन की सरकार**

चम्पावत जिले में जन–जन की सरकार, जन–जन के द्वार कार्यक्रम के तहत आज नगर पालिका लोहाघाट में बहुउद्देश्यीय जनसेवा शिविर आयोजित किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में लोगों की विभिन्न समस्याओं का निस्तारण करने के साथ ही उनकें सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने कहा कि सरकार की मंशा है कि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसी उद्‌देश्य से यह अभियान चलाया जा रहा है।

शिविर में आए भास्कर जोशी ने सरकार की इस पहल की सराहना की।

---

**कुलपति नियुक्त**

राज्यपाल व कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने डॉ. भानु दुग्गल को हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय, देहरादून की कुलपति नियुक्त किया है। डॉ. भानु दुग्गल वर्तमान में एम्स, ऋषिकेश में कार्डियोलॉजी विभाग की प्रोफेसर व विभागाध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

---